आज

शिक्षक अनिल सिंह की मनी पहली पुण्यतिथि

कतरास। वेस्ट मुदीडीह के शिक्षक अनिल कुमार सिंह की पहली पुण्यतिथि उनके आवास में पूजा पाठ के बाद चित्र पर श्री सिंह के पुत्र, दुर्गा सोरेन सेना के युवा मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि, सुनील पासी, प्रकाश वर्मा, सूरज यादव, राजाराम यादव, अमन सिंह, राजकुमार बाल्मीकि, अर्जुन नोनिया, विक्की राय, बिट्टू सिंह, पवन कुमार सिंह, बबलू रवानी सहित अन्य लोगो ने भी पुष्पांजलि अर्पित किया।

आंचलिक क्षेत्र

डीवीसी मुख्यालय का घेराव-प्रदर्शन आज
मोटरसाइकिल जुलूस निकाल नुक्कड़ सभा

मैथन। डीवीसी कर्मचारियों, रिटायर्ड कर्मचारी एवं असंगठित मजदूर और दुकानदारों के मांगों को लेकर पिछले कई महीनों से लड़ाई आंदोलन चल रहा है। 29 जनवरी को डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में घेराव एवं प्रदर्शन कार्यक्रम किया जायेगा। आज रविवार को डीवीसी संयुक्त मोर्चा ने मैथन में एरिया नंबर-4 आटो स्टैंड से मेन गेट तक मोटरसाइकिल जुलूस किया। कालीपहाड़ी मोड़, पोस्ट आफिस चौक एवं मेन गेट में नुक्कड़ सभा किया। नुक्कड़ सभा में कामरेड नवेंदु चक्रवर्ती, राजू मुखर्जी, केके त्रिपाठी, धर्मदेव सिंह, सुधीर पांडेय, एसके घोष एवं दीपा विश्वास ने मांगों को लेकर व्याख्या किया। रिटायर कर्मचारी की ओर से कामरेड जी राम एवं सपन दत्ता ने अपने बातें रखीं। कार्यक्रम में विनय गोस्वामी, जीपी मिश्रा, लालजीत चटर्जी, सौगतो बनर्जी, एसएन वर्मा, प्रशांत कविराज, लतिका नाथ, अनिल सिंह, आरके चौधरी, सुभाष आड्डा, बीआर मजूमदार, मुन्नू मुर्मू, रणविजय सिंह, राम मुर्मू, उज्जवल घटक व अन्य लोग शामिल थे।

लायंस पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद

सिंदरी। लायंस पब्लिक स्कूल, सिंदरी में 44वां वार्षिक खेलकूद रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी के निदेशक डा. पंकज राय ने मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निदेशक प्रो. राय ने खेलकूद की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं बच्चों को प्रोत्साहित किया। सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार ने सुंदर ढंग से खेल के लिए शिक्षकों एवं बच्चों का हौसला आफजाई किया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता लक्की सिंह ने खेल में भाग लेने वाले बच्चों के प्रतिभा की प्रशंसा की। जन अधिकार मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बच्चों में नया जोश भरने का काम किया और कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन बसता है। स्कूल के प्राचार्य रमेश शर्मा ने कहा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ छात्रों में छिपी खेल प्रतिभा को उभारने का सतत प्रयास हम करते आ रहे हैं।

बीआईटी सिंदरी में खेल प्रतियोगिता

सिंदरी। बीआईटी सिंदरी में स्पोर्ट्स क्लब द्वारा स्पर्द्धा प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को क्लब के प्रोफेसर प्रभारी डा. आरके वर्मा के निर्देश और मुख्य अतिथि एवं प्रायोजक संजीव गुप्ता के दिशा निर्देश में कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ। प्रतियोगिता में ट्रैक और फील्ड एक खेल है जिसमें दौड़, कूद और फेंकने से संबंधित खेल होते हैं। स्पर्द्धा प्रतियोगिता के विजेता रहा केमिकल इंजीनियारिंग और ब्रांच आफ द ईयर मैकेनिकल इंजीनियरिंग। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए प्रोफेसर्स के लिए भी टग आफ वार, दौड़, म्यूजिकल चेयर रखा गया, जो काफी आकर्षक रहा। मौके पर संस्थान के निदेशक डा. पंकज राय, प्रो. आरके वर्मा, डा. अरविंद, प्रो. सदानंद बिमल, प्रो.अभिषेक, प्रो. एनपी चौधारी, प्रो. राकेश, प्रो. अमर कुमार, प्रो. जेएन महतो, प्रो. सुमन हेस्सा, डा. निर्मला सोरेन सहित सभी विभाग प्रमुख और प्रोफेसर मौजूद थे। कार्यक्रम करने में स्पोर्ट्स क्लब के अधयक्ष राहुल कुमार, शिवाजी, तनु प्रिया, आशीष, उपासना, नवनीत, विवेक, उत्कर्ष, आकाशदीप, आदर्श, सुमन, तेज प्रकाश, मनीषा, आकांक्षा, राहुल, अभिषेक, प्रिंस, प्रिया, सतीश, पूजा, प्रियांशु, सचिन, आदर्श सिंह तथा स्पोर्ट्स के अन्य का योगदान रहा।

सिंदरी कालेज में प्राचार्य ने किया झंडोत्तोलन

सिंदरी। सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम

से मनाया गया। प्राचार्य कमलाकांत पाठक ने झंडोत्तोलन किया। प्राचार्य केके पाठक ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए संविधान निर्माताओं के योगदान पर प्रकाश डाला। संविधान हमें धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक एवं गणतंत्र राष्ट्र रूप में कार्य करने के लिए मार्गदर्शन करता है। अंत में प्रोफेसर, कर्मचारियों, बच्चों के बीच मिठाइयां बांटी गयी।

श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़
शिव पार्वती विवाह का कथा वाचन

गिरिडीह। बरगंडा स्थित श्रीराम वाटिका में आज श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा भागवत पुराण सप्ताह के चौथे दिन वृंदावन से पधारे महामंडलेश्वर भास्कर आनंद द्वारा आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वाचन किया गया। भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। पूर्णाहुति 31 जनवरी को होगी। महामंडलेश्वर स्वामी जी के साथ 25 शिष्यों की टोली 24 संगीतमय भक्ति कार्यक्रम में सहयोग कर रहे हैं। इसको सफल बनाने में प्रदीप अग्रवाल, श्रवण केडिया, विकास खेतान, दिनेश खेतान, सतीश केडिया, मुकेश जालान, अनिल अग्रवाल, राहुल केडिया, दीपक मोदी, विकास मोदी, संजय शर्मा, अमरजीत सिंह सलूजा सहित शहर के कई समाजसेवी लगे हैं।

रोटरी क्लब का बिग फन विंटर कार्निवाल

गिरिडीह। रोटरी क्लब आफ गिरिडीह कपल की ओर से शहर के स्वर्ण चित्र मंदिर सिनेमा मैदान के पास बिग फन विंटर कार्निवाल का उद्घाटन रविवार को किया गया। बच्चों के मनोरंजन के साथ उनके खाने पीने के लिए विभिन्न व्यंजनों का स्टाल लगे थे। झूले के साथ अन्य मनोरंजन की व्यवस्था की गयी है। बताया गया कि इस कार्यक्रम से जो पैसे एकत्रित किये जायेंगे, उसका उपयोग किसी गरीब छात्रा के उच्च शिक्षा पर की जायेगी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रोटरी क्लब आफ गिरिडीह कपल की तरफ से बच्चियों को उच्च शिक्षा में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, सोनम जैन, वैभव शाहाबादी, हरिंदर मोंगिया, शीतल गौरीसरिया, विकास जैन, तरनजीत सिंह सलूजा, अनित खंडेलवाल, सतविंदर सिंह सलूजा, सिद्धार्थ गौरीसरिया, गुरप्रीत कौर, शालिनी खंडेलवाल, रश्मि सलूजा, जोरावर सिंह, सलूजा रामनप्रीत सलूजा, सत्यादीप सिंह, कई लोग थे।

पूर्व विधायक चंद्रिका महथा को श्रद्धांजलि

गिरिडीह। जमुआ के पूर्व विधायक चंद्रिका महथा का निधन रांची में इलाज के दौरान हो गया। रविवार की दोपहर उनका शव रांची से गिरिडीह पहुंचा। उनके पार्थिव शरीर को जिला कांग्रेस कार्यालय लाया गया। यहां काफी संख्या में कांग्रेसी नेताओं समेत अन्य लोगों ने पूर्व विधायक के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया। उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा डालकर सम्मान के साथ विदाई दी गयी। काफी लोगों ने पूर्व विधायक के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट की। कांग्रेस आफिस से पूर्व विधायक के शव को उनके पैतृक आवास देवरी थाना क्षेत्र के तपसीडीह ले जाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। जमुआ के पूर्व विधायक सह कांग्रेस नेता 55 वर्षीय चंद्रिका महथा बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज रांची स्थित मेदांता अस्पताल में चल रहा था। रविवार की अहले सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। चंद्रिका महथा वर्ष 2009 में जमुआ विधानसभा क्षेत्र के झाविमो पार्टी से विधायक चुने गये थे। उन्होंने 2009 से 2014 तक जमुआ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2023 में पूर्व विधायक चंद्रिका महथा ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर लिया था। उनके निधन से देवरी एवं गिरिडीह में शोक की लहर है।

गौशाला से निकला श्रीश्याम शोभा पदयात्रा
झरिया श्यामधाम में निशान अर्पित

सिंदरी। श्रीश्री श्याम सेवा समिति सिंदरी सदस्य द्वारा 11वां श्रीश्याम निशान शोभा पदयात्रा गौशाला दुर्गा मंदिर के प्रांगण से झरिया श्यामधाम के निकली 11वां श्रीश्याम निशान पदयात्रा हाथो में निशान ले चलो...निशान झरिया धाम ले चलो..., ये निशान है खाटूवाले का, इसको हाथो में उठा लेना..., फिर काम नहीं रुकने वाला... भजनों पर श्रद्धालु नाचते झूमते चल रहे थे। शुभारंभ सभी धार्मिक अनुष्ठान पुजारी रामचंद्र द्वारा संपन्न कर श्रीश्याम निशान की पूजन विधिवत संपन्न करा यजमान प्रदीप करीवाला संग पत्नी किरण करीवाला ने पहला निशान उठाया। सैंकडों श्यामभक्त हाथों में निशान लिए हारे का सहारा, श्रीश्याम बाबा है हमारा..., जय श्रीश्याम के गगन भेदी जयकारा के साथ नाचते झूमते, अबीर गुलाल खेलते पदयात्रा करते हुए झरिया श्यामधाम पहुंच बाबा को निशान अर्पित किए। सभी श्रद्धालु श्याम की भक्ति में लीन थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो श्याम प्रभु भक्तों के बीच मौजूद होकर भक्तों संग रंग गुलाल से होली खेल रहे हो। पूरा माहौल श्याममय था। निशान यात्रा का आकर्षण श्याम बाबा का भव्य दरबार, मनमोहक झांकी सहित एवं दरबार की सजावट, बाबा की दरबार की सजावट समिति के सदस्यों संग राजू माली का सहयोग रहा। सामा. जिक कार्यकर्ताओं द्वारा रास्ते में श्रद्धालुओं को जलपान, फलाहार, चाय नाश्ता की समुचित व्यवस्था कर रखी थी। स्थानीय लोगों द्वारा बाबा के दरबार में जगह-जगह श्याम बाबा की आरती की गयी। रंग-गुलाल, पुष्प की वर्षा कर आतिशबाजी की गयी। यात्रा को सफल बनाने में समिति के राम निवास अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रमेश शर्मा, पवन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, कारण चौहान, शेलेश गोयल, अशोक अग्रवाल, आतिश गर्ग, गोपाल अग्रवाल, राजेश गोयल, प्रकाश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुभाष गोयल, मनोज अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, कमलेश अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, प्रमोद करीवाला, नवल करीवाला, रितिक गोयल, मंजू देवी, अंकिता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, नीलम गोयल, सुनैना अग्रवाल, रेशमी अग्रवाल, तन्नू गर्ग, पूनम मंडल, पलक अग्रवाल, रिंकी करीवाला अन्य थे।

कांडरा में ठाकुर अनुकूल चन्द्र जन्मोत्सव

सिंदरी। युग पुरुषोत्तम परम प्रेममय श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्रजी के शुभ अराधना के लिए उप योजना केन्द्र 26 कांडरा बाजार बीसीसीएल कालोनीरविवार को महासत्संग किया गया। इस अवसर पर उषा कीर्तन, धर्म सभा, आनन्द बाजार (लंगर) संगीतांजलि, मातृ सम्मेलन, भजन कीर्तन, समवेत प्रार्थना, नाम जप एवं अनुष्ठान किए गये। आयोजन में अशोक महतो अरुण, सुभाष चन्द्र मंडल, दिवेश विश्वकर्मा, तपन पाल, निखिल गोराई, सुबोध मंडल, मटुक सिंह व अन्य सहयोगी थे।

प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना

झरिया। कतरास मोड़ स्थित बिहार बिल्डिंग कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साल के पहले और 109वें एपिसोड मन की बात संबोधन को सुना।

तारा देवी ने सुनीं पीएम के मन की बात

बलियापुर। सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी ने आवासीय कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री मन की बात सुनीं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, पशुपतिनाथ महतो, धर्मेंद्र महतो, शत्रुघ्न महतो व अन्य मौजूद थे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे कार्यकर्ता

राजगंज। भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल आज राजगंज शिव मंदिर में बैठक हुई। अध्यक्षता कर राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि आगामी 4 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धनबाद आगमन को लेकर तैयारी पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में राजगंज मंडल से भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। राम जन्मभूमि अयोध्या दर्शन गांव चलो अभियान में मंडल के सभी शक्ति केन्द्र के सभी बूथ में प्रवासी 24 घंटा का प्रवास करेंगे। संचालन संजीत सिंह ने किया। बैठक में सुरेश महतो, फिरोज दत्ता, पियूष तिवारी, शिवप्रसाद वर्मा, आरके चौधरी, सुदाम चंद्र अड्डी, सुरेश किस्कु, गौतम साव, अमरेश कुमार, प्रवीण चौधरी, झरी महतो, अजय साहनी, गणेश रवानी, लखी चंद्र रजवार, पप्पू साव, रीता देवी, मसूदन मंडल, हराधन रवानी, विश्वनाथ रवानी, संजय चौधरी, परमेश्वर रजवार, सुनील साव, पानू रजवार, सुबोध सिंह, संजीव साहनी, विक्रम ठाकुर, सुधीर महतो, संजय सिंह, अरुण हेम्ब्रम, सिंकु पाण्डेय, चंद्रभान प्रसाद, राजेश कुमार तिवारी, कामेश्वर महतो, अजय राम, शांति देवी, सुबोध शर्मा व अन्य थे।

झामुमो स्थापना दिवसः जनसंपर्क अभियान

बलियापुर। 4 फरवरी को झामुमो स्थापना दिवस को लेकर झामुमो नेता निर्मल रजवार ने रविवार को क्षेत्र के गोलमारा, चांदकुइयां, भागारामपुर, बेलगड़िया समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। करमाटांड़ में झामुमो की बैठक हुई। चर्चा कर गांव-गांव में जनसंपर्क चलाने का निर्णय लिया। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, राजेंद्र किस्कू, लक्ष्मण रवानी, मनोज रवानी, निताई रवानी, बलदेव सोरेन, सुजीत रवानी व अन्य थे। अधयक्षता बानेश्वर महतो ने किया।

ठंड से राहत के लिए डालसा का कंबल वितरण

बलियापुर। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह ध्यक्ष जिला विधिाक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला की निगरानी में टीम गठित कर धनबाद के सुदूर ग्रामीण इलाकों के झुग्गी-झोपड़ी में रह रहे गरीब जनता को कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है। आज धोखरा क्षेत्र के झुग्गी-झोपड़ी में रह रहे वृद्ध महिला, पुरुष और दिव्यांगों को डालसा की टीम राजेश कुमार सिंह, हेमराज चौहान, वार्ड सदस्य मुशरी देवी, सुनील महतो, हीरालाल महतो, राय सोरेन, मदन महतो, शत्रुघ्न महतो, चंदन महतो, सारथी मझियां, बाला देवी, फुलेश्वरी देवी, चिंता देवी ब अनेक ग्रामीण जनता थीं।

डैफोडिल्स ने उठाया वनभोज का आनंद

पुटकी। बिरसा मुंडा पार्क नावाडीह में डैफोडिल्स बचपन और डैफोडिल्स एकेडेमी के छात्र-छात्राओं ने रविवार को वनभोज का आनंद लिया। वनभोज में बच्चो ने जंपिंग, झूला, मिक्की माउस, टय ट्रेन, बोटिंग, ब्रेक डांस, ड्रैगन व अन्य का भरपुर आनंद उठाया। विद्यालय के छात्र-छात्रायें, अभिभावक, अतिथि एवं शिक्षक, शिक्षिकायें शामिल हुए। प्राचार्य तापस बनर्जी ने सभी पर विशेष ध्यान दे रहे थे। वनभोज में मनप्रिय चटर्जी, संजय जयसवाल, पीएसए के सुमन घोष, हरेन्द्र चौधरी, बिजय महतो, कपिलदेव चौधरी व अन्य थे।

पासवान पारिवारिक मिलन समारोह

पुटकी। अखिल झारखंड दुसाध महासभा जिला धनबाद रविवार को करकेन्द स्थित नेहरु पार्क के समीप पासवान पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज हुआ। उद्घाटन मोकामा बिहार के पूर्व राज्यसभा सांसद ब्रह्मदेव आनंद पासवान, पूर्व महानिदेशक आईडी पासवान व अन्य ने बाबा चौहरमल, राजा शैलेश, डा. भीमराव अंबेडकर व पूर्व पार्षद सावित्री देवी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मोकामा बिहार के पूर्व राज्यसभा सांसद ब्रह्मदेव आनंद पासवान ने कहा कि समाज को बढ़ने के लिए शिक्षा आवश्यक है। समाज में व्याप्त कुरीतियों व दहेजप्रथा को दूर करने का आह्वान किया। अंत में समाज को लोगों ने वनभोज का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष शिव नंदन पासवान, आशीष पासवान, दिलीप कुमार पासवान, रजनीकांत पासवान, निवर्तमान पार्षद देवाशीष पासवान अकेला, अर्जुन पासवान, समाजसेविका लखी देवी पासवान, रामविलास राम, सुभाष पासवान, मुकेश पासवान, शम्भू पासवान, मनोज पासवान, शंकर पासवान, आशा राय, लखी देवी पासवान, मंजू पासवान व अन्य थे।

जेजीजीएलसीसी परीक्षा में मुन्ना भाई गिरफ्तार
आर्यवर्त कुमार की जगह श्यामबीर कुमार पकड़ाया

पुटकी। पुटकी पुलिस ने जेजीजीएलसीसी परीक्षा 2023 में मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया है। पुटकी मिडिल स्कूल में संचालित जेजीजीएलसीसी परीक्षा की परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर रहे आरोपित श्यामबीर कुमार, सत्यापित परीक्षार्थी आर्यवर्त कुमार के बदले परीक्षा दे रहा था। आरोपित श्यामबीर नवादा (बिहार) का निवासी हैं, जबकि सत्यापित परीक्षार्थी बिहारशरीफ (बिहार) का निवासी है। श्यामबीर फर्जी आईडी बनाकर परीक्षा केन्द्र में परीक्षा दे रहा था। एडमिट कार्ड में आर्यवर्त के स्थान पर श्यामवीर ने अपना फोटो लगाया था। **बायोमैट्रिक उपस्थिति में पकड़ाया फर्जीवाड़ाः** मिडिल स्कूल पुटकी परीक्षा केन्द्र संख्या 276 में रविवार को जेजीजीएलसीसी को परीक्षा का केन्द्र दिया गया था, जहां परीक्षा में प्रवेश पत्र और अन्य दस्तावेज की जांच के दौरान एक अभ्यर्थी दूसरे को जगह परीक्षा देते श्यामबीर पकड़ा गया। पुलिसिया पूछताछ में श्यामबीर टूट गया और स्वीकार किया कि वहप ऱ्जीवाड़ा कर दूसरे के बदले परीक्षा दे रहा था। समाचार लिखे जाने तक युवक पुटकी पुलिस के हिरासत में है।

संयुक्त स्नातकस्तरीय परीक्षा में उपस्थिति कम

गोविंदपुर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रविवार को संयुक्त स्नातकस्तरीय परीक्षा में गोविंदपुर के परीक्षा केन्द्रों में 50 प्रतिशत से भी कम उपस्थिति रही। प्लस टू हाईस्कूल गोविंदपुर में 420 की जगह 189 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाथुरिया में 240 की जगह 98, केके पालिटेक्निक परीक्षा केन्द्र में 624 की जगह 299, परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में 276 की जगह 124, राय एकेडमी तिलकरायडीह में 300 की जगह 152, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाईडीह में 228 की जगह 93, नरसिंह नारायण हाईस्कूल बागसुमा में 288 की जगह 141 तथा महेन्द्र प्लस टू हाईस्कूल बरवापूर्व में 264 की जगह 109 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। सभी केन्द्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम, अंचल अधिकारी रामजी वर्मा, अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज, पुलिस इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार, बीईईओ विनोद कुमार पांडेय एवं राजीव रंजन की देखरेख में सभी केन्द्रों में कदाचार रहित परीक्षा संपन्न हुई।

झामुमो ने हर्ल गेट से निकाला कैंडल मार्च

सिंदरी। हर्ल सिंदरी कारखाने में 75% स्थानीय, विस्थापितों को रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल के नेतृत्व में हर्ल मेन गेट के समीप बीते 24 अक्टूबर 22 से लगातार चल रहे धरनास्थल से रोहराबांध आंबेडकर चौक तक कैंडल मार्च रविवार की शाम निकाला गया। आन्दोलन के नेता रामू मंडल ने कहा कि हर्ल प्रबंधन चार सूत्री मांगों को नही मानती है, तो हर्ल का अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता एवं विस्थापित ग्रामीण बाध्य होंगे। कैंडल मार्च में अशोक महतो, चमक लाल सिंग, दिवास बेहरा, नाजू सिंग, जगदीश हांसदा, शिवलाल मुर्मू, राजेन्द्र हांसदा, संतोष सिंग, सुजित मुर्मू ,सुशील हेम्बरम, सुनील महतो, विकास गोराई, विजय गुप्ता, तपन बाउरी, राजू प्रसाद, दिनेश महतो, गोपी पासवान, अर्जुन प्रमाणिक व अन्य थे।

9वीं बार नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने पर
जदयू नगर अध्यक्ष ने मनाया जश्न

पुटकी। बिहार में 9वीं बार नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में प्रभु महतो पुटकी मोड़ पर जदयू नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर जश्न मनाया गया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। श्री दुबे ने कहा कि बिहार में विकास और सुशासन को ध्यान में रखते हुए नीतीश कुमार पुनः एनडीए में शामिल होकर मुख्यमंत्री बने हैं। बिहार चौमुखी विकास करेगा। मौके पर लगन महतो, मधु हांडी, रघु भुइयां, मिथिलेश चौहान, रवि हरि, सुरेश महतो, साधु पासवान, बैजनाथ राही, शशि चौरसिया व अन्य थे।

12 मार्च से नौ दिवसीय रामचरित्र मानस यज्ञ

लोयाबाद। बांसजोड़ा शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को बांसजोड़ा यज्ञ समिति की बैठक हुई। 12 मार्च से नौ दिवसीय श्रीश्री रामचरित्र मानस यज्ञ करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता यज्ञ समिति के पदेन अध्यक्ष कोलियरी पीओ जीएल धुर्वे ने किया। यज्ञ समिति के सचिव व यजमान राजकुमार महतो ने कहा कि यह यज्ञ बाबा भूतनाथ की देखरेख में देवघर के आचार्य गोपालजी पंडा द्वारा कराया जायेगा। करीब चालीस सालों से यहां पर यज्ञ हो रहा है। यज्ञ में प्रवचन रामलीला और रासल. ीला किया जायेगा। मौके पर राजकुमार महतो, मुस्लिम कमेटी के महामंत्री असलम मंसूरी, रवि चौबे, मनोज कुशवाहा, पुनीत सिंह, विशाल महतो, कृपा सिंह, रामा शंकर महतो, शंकर तुरी, रामेश्वर तुरी, मुकेश साव, गौतम रजक, योगेन्द्र महतो, श्रवण यादव, नितेश श्रीवास्तव, अंकी सिंह व अन्य मौजूद थे।

खरनी गांव में झामुमो की ग्रामीणों संग बैठक

गोविंदपुर। बरियो पंचायत के खरनी गांव में झामुमो नेता धरनीधर मंडल ने रविवार को ग्रामीणों के साथ बैठक की और उनकी समस्यायें सुनी। उन्होंने 4 फरवरी को भारी संख्या में धनबाद पहुंचने को कहा। श्री मंडल ने गांव में 100केवी के नये ट्रांसफार्मर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था। मुखिया प्रतिनिधि राजेश हांसदा ने इसके लिए श्री मंडल का आभार जताया। बैठक में इरफान अंसारी, अब्दुल मतीन, शौकत, राम कृष्णा किस्कू, सहदेव किस्कू, अब्दुल हमीद अंसारी, मास्टर खालिद, गफूर मिया, अब्दुल जब्बार, इब्राहिम अंसारी, समरूद्दीन अंसारी, मनिरुद्दीन अंसारी, लाल बाबू, लगेन मंडल, कलीम अंसारी व अन्य उपस्थित थे।

कतरासः हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग

कतरास। कतरास थाना क्षेत्र के राहुल चौक स्थित केडिया हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख होने की संभावना है। घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटी थी।

डायन प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज

गोविंदपुर। गोविंदपुर थाना अंतर्गत रजवार टोला गोड़तोपा की जुगनू परवीन को डायन कहकर प्रताड़ित किया गया। मारपीट एवं बदसलूकी की गयी। उन्होंने रविवार को गोविंदपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कयूम अंसारी की पत्नी जुगनू प्रवीण ने प्राथमिकी में लिखा है कि नसीम बीवी, पति अयूब अंसारी ने उन्हें डायन कहा। यह भी कहा कि मेरे ससुर को तुम खा गई हो और मुझे भी खो जाओगी। उन्होंने कहा कि डायन होने की बात पूरे इलाके में प्रचारित कर दी। इससे अब गांव में उसके साथ कोई बात नहीं करता। न कोई मतलब रखता है। नसीमा बीवी, अरबाज अंसारी, पिता नईम अंसारी, अयूब अंसारी एवं अशरफ अंसारी पिता हाशिम अंसारी ने मिलकर उसे गोबर एवं मैला पिलाया। इसके बाद भैसुर अयूब अंसारी, गोतनी और भतीजे ने उसे मारा। पटक कर छाती में चढ़ गया। छाती में लात से मारा। वह चोटिल हो गयी है। पुलिस ने भादवि की धारा 323, 325, 354, 504 एवं डायन प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार ने कहा कि महिला के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दोषी लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा।

हाइवा के धक्के से युवक की मौत
ग्रामीणों ने की शव रख मुआवजा की मांग

गोमो। धानबाद जिला के हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चैता गांव के आदिवासी टोला में रविवार दोपहर लगभग 3 बजे हाइवा की चपेट मे आने से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक युवक बगल के खेसमी गांव के निवासी राजू महतो का 25 वर्षीय पुत्र गिरीश महतो जो अपने ब्लू रंग बाइक संख्या जेएच 10 सी 2803 से चैती गांव की ओर जा रहा था। मांझी टोला के पास विपरीत दिशा से डस्ट गिरा कर लौट रहा हाइवा संख्या जेएच 10एके 4143 से चालक की लापरवाही कारण बाइक सवार गिरीश महतो अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। हाइवा को भगाने के क्रम में पिछला चक्का चपेट में ले लिया, जिससे घटनास्थल पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की गली सकरी है। बड़े वाहनों का आवागमन काफी कष्टदायक है। विरोध करने के बावजूद भी बड़े वाहनों का आवागमन जारी है। घटना की खबर मिलते ही हरिहरपुर थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणो से बचाते हुए हाइवा को अन्य चालक की सहायता से थाना ले आयी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या परिजनों के साथ गांव के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन हाइवा, उसके चालक और मालिक को बचाने के लिए घटनास्थल से तुरंत हाइवा थाना ले गया। हाईवा मालिक और उसका चालक को पुलिस घटनास्थल पर बुलायें, तभी शव को उठाने देंगे। पुलिस हाइवा मालिक व चालक का नाम बताने से कतरा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाइवा को खलासी चला रहा था। हरिहरपुर थाना पुलिस ग्रामीणों को समझाने में जुटी है। कागजी प्रक्रिया में मदद कर पोस्टमार्टम की बात कही जा रही है। देर शाम तक शव घटनास्थल पर ही पड़ा था और वार्ता की जा रही है।

पीएम के प्रस्तावित हर्ल सिंदरी का दौरा
डीसी ने कारखाना-हेलीपैड का किया निरीक्षण

सिंदरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी 4 फरवरी को हर्ल सिंदरी के उर्वरक संयंत्र के उद्घाटन का प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी का निरीक्षण करने रविवार को उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सहित जिला प्रशासन की टीम ने हर्ल कारखाना परिसर का निरीक्षण किया। खासकर कारखाना परिसर स्थित निर्मित हेलीपैड का जायजा लिया, जहां प्रधानमंत्री उतरेंगे। डीसी ने हेलीपैड के समीप के झाड़ी की सफाई, लाइट अन्य सन्दर्भ में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। हर्ल स्थित हेलीपैड पर पत्रकारों से बात करते हुए डीसी ने कहा 4 फरवरी को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर हर्ल स्थित हेलीपैड व अन्य का निरीक्षण करने आये हैं। हर्ल की नई फैक्ट्री का पीएम उद्घाटन करेंगे। बलियापुर हवाई अड्डे का निरीक्षण भी करेंगे। वहां कुछ और अतिथि आयेंगे, तो हेलीपैड की जरूरत पड़ सकती है। बरवाअड्डा हवाई अड्डा पर भी प्रधानमंत्रीजी का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री का पहला कार्यक्रम हर्ल प्लांट में है, उसके बाद बरवाअड्डा हवाई अड्डा पर कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम को लेकर सभी निर्देश दे दिया गया है। मौके पर हर्ल के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, एचआर हेड संत सिंह, एचआर विक्रांत कुमार, सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव व अन्य थे।

गांवों में महिलाओं की शराबबंदी रैली

गोमो। तोपचांची प्रखंड के रामाकुंडा पंचायत के रामाकुंडा, आमटांड़, हुटूटगरी, माथाडीह व अन्य गांवों के महिला समूह से जुडी दीदीयों ने रविवार को शराबबंदी को लेकर रैली निकाली। रामाकुंडा शिव मंदिर

चौक से कई महिलायें कतारबद्ध एवं शराबबंदी को लेकर अपने हाथ में तख्ती के साथ गर्मजोशी से नारे लगाते हुए गांवों का भ्रमण किया। महिलाओं ने नशा व शराब के खिलाफ आमजन को जागरूक किया। उन्होंने संदेश दिया कि नशा व शराब के सेवन से शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान होता है। शराबी का परिवार उजड़ जाता है। नशापान व शराब का सेवन नहीं करना है। शराबबंदी कर स्वस्थ समाज व उन्नत परिवार बनाने में हर एक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। शराबबंदी रैली का नेतृत्व आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो, तोपचांची प्रखंड के उप प्रमुख हेमलाल महतो, समाजसेवी ओमप्रकाश महतो, बिंदली देवी, विमला देवी, कांति देवी, रेशमी देवी ने किया। शराबबंदी रैली को सफल बनाने में भारती देवी, पारो देवी, भुवनेश्वरी देवी, पूनम देवी, सुगिया देवी, आशा देवी, मालती देवी, कौशल्या देवी, मीना देवी, गंगा देवी व अन्य की अहम् भूमिका रही।

कालीपहाड़ी उत्तर पंचायत मुखिया का नाम प्राथमिकी से हटाने के लिए एसएसपी को पत्र

मैथन। 25 जनवरी को डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष धारना प्रदर्शन के दौरान डीवीसी सीआईएसएफ तथा प्रदर्शन कर रहे दुक. ानदारों, मासस कार्यकर्ताओं के बीच बकझक के बाद लाठीचार्ज मामले में सीआईएसएफ द्वारा कालीपहाडी उत्तर पंचायत के मुखिया बबलू चौधरी उर्फ बड़का का नाम मैथन ओपी में मामला दर्ज कर देने के विरोध में एग्यारकुंड प्रखंड के मुखिया संघ द्वारा पत्र वरीय पुलिस अधीक्षक को देकर झूठे मामले से कालीपहाड़ी उत्तर पंचायत मुखिया बबलू चौधरी का नाम जांच कर हटाने की मांग की।